# प्रेस नोट
## थाना टोडी फतेहपुर, झाँसी

**दिनांक – 21.08.2025**

- **स्वाट,सर्वेलन्स एवं थाना टोड़ीफतेहपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ब्लाइन्ड मर्डर में वाछिंत 25,000 का इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार**
- **कब्जे से अवैध तमंचा,खोखा कारतूस व मोटर साइकिल बरामद**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 21.08.2025 को थाना टोड़ी-फतेहपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-87/2025 धारा 103(1)/238ए बीएनएस में वाछिंत अभियुक्त प्रदीप उर्फ दीपक अहिरवार पुत्र स्व0 करन सिंह निवासी पसौरा थाना गरौठा, झाँसी को ग्राम दुगारा के पास स्थित पेट्रोल पम्प के आगे थाना टोडीफतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त प्रदीप उर्फ दीपक पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे जीवन रक्षार्थ उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

उल्लेखनीय है कि दिनाकं 20.08.2025 को मु0अ0सं0-87/2025 धारा 103(1)/238ए बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त 1. संजय पटेल पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम महेवा थाना टोड़ीफतेहपुर, झाँसी- 2. संदीप पटेल पुत्र संतराम ग्राम महेवा थाना टोड़ीफतेहपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्त प्रदीप उर्फ दीपक अहिरवार उपरोक्त फरार चल रहा था जिसे आज दिनांक 21.08.2025 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना टोडीफतेहपुर में अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –**

1. प्रदीप उर्फ दीपक अहिरवार पुत्र स्व0 करन सिंह निवासी पसौरा थाना गरौठा जनपद झाँसी

**बरामदगी –** 01 तमंचा 315 बोर जिन्दा व खोखा कारतूस, बिना नम्बर की मोटर साइकिल व 2 मोबाइल बरामद

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. थाना प्रभारी टोड़ीफतेहपुर मय पुलिस।
2. प्रभारी स्वाट मय टीम।
3. प्रभारी सर्वेलन्स मय टीम।